गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी ने की कार्रवाई

77 मवेशियों के साथ ट्रक जब्त, चार गिरफ्तार

मवेशी समेत जब्त ट्रक के साथ गिरफ्तार आरोपी .

➲ **सशस्त्र सीमा बल 19वीं वाहिनी ने की कार्रवाई**

प्रतिनिधि ▷ खोरीबारी

भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 19वीं वाहिनी ठाकुरगंज बटालियन के जवानों ने 77 मवेशियों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है. एसएसबी जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार एसएसबी के जवानों ने एक आईसर ट्रक जो राष्ट्रीय राजमार्ग 327 इ से सिलीगुड़ी की तरफ जा रहा था, उसे रोककर जब तलाशी ली तो वाहन में क्रूरता पूर्वक मवेशियों को ठूंस कर रखा गया था.

एसएसबी जवानों ने ट्रक समेत मवेशी को जब्त कर लिया. साथ ही वाहन चालक समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार किये गए मोहम्मद नईम अख्तर, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद जकीउल्लाह (वाहन चालक) तीनों सुपौल जिला निवासी और मोहम्मद जमील अख्तर किशनगंज जिले का निवासी बताया गया है. चारो गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस थाना कुर्लीकोर्ट को सौंप दिया गया है.

भाजपा की ओर से दिया गया वस्त्र

खोरीबारी. नक्सलबाड़ी के दक्षिण कोटियाजोत निवासी राजू महाली और गीता महाली को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रथीन बोस, नक्सलबाड़ी मंडल अध्यक्ष दिलीप बारौइ, जिला महामंत्री मनोरंजन मंडल और पंचायत सदस्य सह भाजपा नेत्री साधना मंडल ने बुधवार को घर जाकर वस्त्र प्रदान किया. इस संबंध में नक्सलबाड़ी मंडल अध्यक्ष दिलीप बारौइ ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने राजू महाली और गीता महाली के लिए वस्त्र भेजा है.

कृष्णचंद्र पाल की याद में स्मरण सभा 27 को

सिलीगुड़ी. तृणमूल कांग्रेस के नेता तथा 23 नंबर वार्ड के दिवंगत पार्षद कृष्णचंद्र पाल की याद में दार्जिलिंग जिला तृणमूल कांग्रेस की ओर से एक सर्वदलीय स्मरण सभा का आयोजन किया जायेगा. आगामी 27 सितंबर को शाम 5 बजे सिलीगुड़ी के दिनबंधु मंच पर इसका आयोजन होगा.

पक्का सोना, पक्का विश्वास, अटूट सम्बन्ध एवं आपके स्नेह के साथ चलता रहे हमारा गौरवमय सफर

Wonderful World of Jewellery offers you The Finest Jewellery Buying Experience at ...

Silver Queen (RC) Jewellers Par Excellence

Pioneer of Hallmark Jewellery in North Bengal

Certified Jewellers ISO 9001-2008

★ Unique, Artistic & Exclusive Jewellery Collections in Largest variety of

★ Gold ★ Polki ★ Diamond ★ Ruby ★ Kundan ★ Fancy & ★ Jadau Designers Sets

SINCE 1984 At your Service

★ Gold Exchange Facilities are always available

Our Philosophy is Simple : QUALITY SAVINGS PEACE OF MIND BUY BACK GUARANTEED

SETH SRILAL MARKET, SILIGURI - 734001
Tel. 2430964, 2533898 (O), 2513919(R)
Email: silverqueenjewellers1984@gmail.com

Our Sister Concerns: Diamond Queen Jewellers | New Silver Queen | New Gems India

WE ARE ALSO AT CITY CENTRE, MATIGARA, SILIGURI, Call: 98320 24259

Divisa

नक्कालों से सावधान

ग्राहक कृप्या ध्यान दें, ग्राहक कृप्या ध्यान दें, हमारी जानकारी में आया है कि कुछ दुकानदार भाई अपनी कमीशन के लालच में 'डा. ऑर्थो' तेल मांगने पर, उसकी जगह मिलते-जुलते नाम वाले सस्ते ऑर्थो तेल ग्राहकों को दे रहे हैं। कृप्या जागरूक रहें, ऐसी नकली दवाईयाँ सेहत को खराब कर सकती हैं। इसलिए पूरा नाम 'डा. ऑर्थो' पढ़ कर व दिखाई गई पैकिंग से मिला कर ही लें। आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई दुकानदार अथवा निर्माता पकड़ा जाता है तो आपको ₹31000/-का नकद इनाम दिया जाएगा एवं अपका नाम गुप्त रखा जायेगा।

सम्पर्क करें: 0171-3055100

ASIA'S MOST PROMISING BRAND

Dr. Ortho Oil An Ayurvedic Medicine — Helpful in Painful Conditions — 20% EXTRA

Dr. Ortho Oil — Helpful in Painful Conditions — 20% EXTRA

Dr. Ortho® Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

जोड़ों के दर्द की बेजोड़ दवा

Atlas Copco

Tower Light

◆ SALES ◆ SERVICE ◆ SOLUTIONS ◆ SPARE PARTS

MAA AMBAY VINCOM PVT. LTD.

Info@mavpl.com www.mavpl.com

+91 76999 98320/1/5 +91 77977 31110/3

24x7 Helpline: 0171-3055222

Dr. Juneja's ACCUMASS®

वज़न बढ़ाए आत्मविश्वास जगाए

एक्यूमॉस आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स

डिजीटल इंडिया की ओर अग्रसर

बी. बी. सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एमएसटीसी

सुप्रभात

देवियों एवं सज्जनों

कंपनी की 54वीं वार्षिक आम सभा में एमएसटीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है तथा आज हमारे साथ होने का समय निकालने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूँ। आप सभी से रुबरू होना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। हाल ही के वर्षों के दौरान आपने कंपनी के प्रति जो विश्वास और भरोसा दिखाया है उसके लिए मैं अपना आभार प्रकट करता हूँ।

हमेशा की तरह, हम न सिर्फ अपने व्यवसाय में वृद्धि के लिए बल्कि अपने सभी शेयरधारकों हेतु निरंतर रूप से मूल्य तैयार करने की हर सम्भव कोशिश करने के प्रति समर्पित हैं।

आपको वितरित किए गए वर्ष 2018-19 के वार्षिक प्रतिवेदन में शामिल है 54वीं वार्षिक आम सभा की सूचना, निदेशकों का प्रतिवेदन तथा 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष हेतु कंपनी के लेखों का विवरण। आपकी अनुमति से मैंने उसे पढ़ा है। अब आपकी अनुमति से, मैं कंपनी के विकास पर प्रकाश डालना चाहूँगा।

आर्थिक एवं व्यावसायिक परिवेश

पिछले कुछ वर्षों से भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से बढ़ रही है तथा वर्ष 2023 तक यह विश्व में पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएगी। जहाँ तक जीडीपी का सवाल है भारत का स्थान विश्व की सर्वोच्च 10 अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

भारत को निर्माण का केन्द्र बनाने के लिए भारत सरकार ने "मेक इन इंडिया", "स्कील इंडिया" एवं "स्टार्टअप इंडिया" जैसी कई पहल शुरू की है तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग क्षेत्र का योगदान बढ़ाया है।

निर्माण एवं उत्पादन गतिविधियों में प्रगति के बल पर उद्योग क्षेत्र में वर्ष 2018-19 के दौरान वृद्धि दर में तेजी आयी है। वर्ष 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था हासिल करने के लक्ष्य के लिए भारत सरकार की रणनीति की योजना देश में तेजी से बढ़ती हुई मांग को निश्चय ही परिचालित करेगी।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान :

कई चुनौतियों के बावजूद, आपकी कंपनी ने परिचालनगत स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। फिर भी कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में हानि का सामना किया है जो सिर्फ पुराने समय से संबंधित बकायों के लिए किए गए प्रावधानों के चलते हुआ है।

- कंपनी ने स्क्रैप की बिक्री में लगभग 21% की वृद्धि दर्ज की है।
- ई-बिक्री व्यवसाय में भी काफी अच्छा प्रदर्शन हुआ है तथा लगभग 35% की वृद्धि दर्ज की गई है।
- ई-प्रोक्योरमेंट के क्षेत्र में लगभग 38% की वृद्धि दर्ज की गई है।
- कंपनी ने अपने शेयरधारकों को 1 : 1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए हैं।
- कंपनी ने 29 मार्च, 2019 को इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के जरिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा बिक्री हेतु एक प्रस्ताव के जरिए प्रत्येक रु.10/- मूल्य के 1,76,70,400 इक्विटी शेयरों का प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) लाया था। सार्वजनिक रूप से जुड़ने के कारण अब हम शेयरधारकों के प्रति और अधिक जिम्मेदार हो गए हैं तथा मुझे यह पूरा विश्वास है कि कंपनी निकट भविष्य में सफलता के नए शिखर पर पहुँचेगी। पर्याप्त लाभ न होने के कारण आपके निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए किसी भी लाभांश के भुगतान की सिफारिश नहीं की है।

एमएसटीसी के फायदे

सूचीबद्ध कंपनी होने के नाते, एमएसटीसी अपने प्रतियोगियों से आगे है तथा ई-कॉमर्स के क्षेत्र में पूर्वगामी है। अपने ग्राहकों को पारदर्शी, उचित एवं बाधारहित ई-कॉमर्स सेवाएँ प्रदान करने के लिए आपकी कंपनी के पास है बहु संख्यक सरकारी एवं निजी संस्थानों की सेवा करने की विशेष योग्यता। किसानों तक पहुँचने तथा उनकी पैदावार के लिए उचित कीमत प्रदान करने के साथ ही साथ बिचौलियों को दर किनार करके उपभोक्ता तक वाजिब दामों में अच्छे एवं सही उत्पाद पहुँचाने के लिए कंपनी हर सम्भव प्रयास कर रही है। अत:, उपभोक्ताओं की मांग तथा किसानों की आय बढ़ाने के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए एमएसटीसी काफी अच्छा काम कर रही है। इससे उचित एवं पारदर्शी तरीके से किसानों की आय दुगुनी करने का भारत सरकार का लक्ष्य पूरा होगा।

पिछले कुछ वर्षों से भारतीय ई-कॉमर्स क्षेत्र उल्लेखनीय प्रगति का गवाह रहा है, जिसने विदेशी निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित किया है तथा हमें विश्वास है कि हमारी कंपनी इस क्षेत्र में वृद्धि के लिए पूरी तरह से तैयार है। एमएसटीसी ने हमेशा से अपने व्यवसाय क्षेत्र में प्रथम प्रस्तावक का लाभ उठाया है।

श्रेडिंग प्लांट के लिए एमएसटीसी एवं महिन्द्रा एक्सेलो का संयुक्त उद्यम

परिचालन के क्षेत्र में विस्तार तथा भारत में इस्पात उद्योग के सहयोग के लिए हमारी कंपनी ने एमएमआरपीएल के माध्यम से रिसाइक्लिंग क्षेत्र में प्रवेश किया। ईएलवी एवं अन्य व्हाईट गुड्स की रिसाइक्लिंग इन्हें श्रेडेड स्क्रैप में परिवर्तित करके, जो कि इस्पात संयंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है, के लिए भारत में अपनी तरह का एक अत्याधुनिक ऑटो श्रेडिंग प्लांट की स्थापना करने को तैयार है एमएमआरपीएल। ऑटो श्रेडिंग प्लांट के लिए एक फीडर यूनिट के रूप में एक कलेक्शन एवं डिसमैंटलिंग सेन्टर की स्थापना ग्रेटर नॉएडा में की गई है। चेन्नई में द्वितीय सेन्टर हेतु कार्य प्रक्रिया में है। इस वित्तीय वर्ष में दो और ऐसे कलेक्शन एवं डिसमैंटलिंग सेन्टर की स्थापना की जा रही है, जो कि मुख्य ऑटो श्रेडिंग प्लांट के लिए एक सप्लाई फीडरटॉक के रूप में कार्य करेंगे।

परिचालनगत उत्कृष्टता

देश की एक प्रमुख स्टैंडअलोन ई-कॉमर्स कंपनी, एमएसटीसी के व्यवसाय क्षेत्र में शामिल है सेलिंग एजेंसी बिजनेस, स्क्रैपों एवं अन्य वस्तुओं की ई-बिक्री, ई-प्रोक्योरमेंट आदि। हमने पेट्रोलियम उद्योग, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के चयन हेतु ऑनलाइन ड्रॉ सिस्टम, ई-रकम (ई-राष्ट्रीय किसान एग्री मंडी) पोर्टल आदि जैसे अनोखे एग्जीम पोर्टल का विकास किया है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एमएसटीसी ने कई अन्य नीलामियों के साथ हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी एवं गाजियाबाद डेवलपमेंट अथॉरिटी के लिए क्रमश: नीलामियाँ एवं भूखण्ड विकसित की है।

कृषि मंत्रालय की ओर से जैविक कृषि उपज की बिक्री के लिए जैविकखेती पोर्टल शुरू किया गया, जिसने किसानों और उपभोक्ताओं को आपस में जोड़ा है।

एमएसटीसी ई-कॉमर्स क्षेत्र में तेजी से प्रगति करने के साथ ही साथ पारदर्शी एवं निष्पक्षता का दावा करने वाली डिजीटल इंडिया जैसी भारत सरकार की विभिन्न पहल के कार्यान्वयन की साक्षी है। भारत सरकार की "लुक ईस्ट" एवं "एक्ट ईस्ट" नीतियों के तहत एमएसटीसी ने किसानों के हितों के लिए कई कदम उठाएँ है, जिससे एनएबीआरडी, एनईआरएएमएसी, सीआरडब्ल्यूसी, एफपीओ जैसे अन्य स्टेकधारकों सहित, पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे तथा अपने विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। हाल के प्रयासों से नए-नए अवसर सामने आएँगे तथा ज्यादातर राज्य सरकारों के साथ उनका अनुबंध फलप्रद होगा तथा एमएसटीसी के लिए राजस्व में बढ़ोतरी होगी। ई-प्रोक्योरमेंट से एमएसटीसी को व्यवसाय के क्षेत्र में गहरे प्रभाव छोड़ने तथा नए-नए व्यापार हासिल करने में मदद मिलेगी।

भावी दृष्टिकोण

शिप-ब्रेकिंग

स्क्रैप की बिक्री के विशाल बाजार पर अपना दबदबा कायम करने के लिए एमएसटीसी शिप को तोड़ने के उद्योग पर अपनी नजरें गड़ाए हुए है तथा इंटीग्रेटेड शिप ब्रेकिंग यार्ड की स्थापना की ओर अग्रसर है।

खनिज एवं खनिज ब्लॉक

अपने अत्यन्त अनुकूल ई-कॉमर्स पोर्टल के जरिए देश में कोयला तथा छोटे एवं बड़े खनिज ब्लॉक का आवंटन करनेवाली एक नामांकित एजेंसी है एमएसटीसी।

माइन डेवलपर-कम-ऑपरेटर का चयन ज्यादातर एमएसटीसी के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के जरिए किया जाता है। इसके अलावा, सभी प्रमुख खनिजों सहित कोयले की बिक्री ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के जरिए की जा रही है।

कृषि-बागवानी एवं वन उत्पाद

एमएसटीसी ने भारत में वन एवं कृषि क्षेत्र में सम्पर्क बढ़ाया है जो बड़ा बाजार है। एमएसटीसी असरदार विपणन रणनीतियों एवं नियमित सेवाओं के माध्यम से पूर्वोत्तर के जैविक एवं प्राकृतिक रूप से उपजनेवाले कृषि-बागवानी उत्पादों को उन्नत बाजार तक पहुँचाने के लक्ष्य हेतु प्रयास कर रही है।

ई-प्रोक्योरमेंट

एमएसटीसी ई-प्रोक्योरमेंट व्यवसाय का कठोर परिश्रम से अनुसरण करती है, जो इसकी एक बड़ी क्षमता है।

ई-रिटेल सॉफ्टवेयर

तेल विपणन कंपनियों के लिए एक अनोखे एग्जीम पोर्टल का विकास तथा सरकारी एवं विशेष रूप से एमएसएमई जैसे निजी संगठनों के लिए ई-रिटेल सॉफ्टवेयर समाधान प्रदान करना निकट भविष्य में एमएसटीसी के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगा।

India's No1 e-Commerce Company

e-assuring iNDIA

अनर्जक परिसम्पत्तियाँ (एनपीए)

एमएसटीसी द्वारा सरकारी एवं निजी कंपनियों के लिए एनपीए के रूप में चल एवं अचल परिसम्पत्तियों की नियमित नीलामी आयोजित की जाती है। लेकिन एकल सेवा प्रदाता द्वारा एनपीए की बिक्री के समेकन के लिए बैंकों की हाल की कार्रवाई दांव पर है तथा एमएसटीसी भविष्य में इस व्यवसाय को लपकने के लिए तैयार है।

निजी कंपनियों को लक्ष्य बनाना

एमएसटीसी निजी क्षेत्र से अप्रयुक्त ई-कॉमर्स व्यवसाय पर ज्यादा ध्यान दे रही है तथा इस प्रयास में एमएसटीसी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडस टावर, टाटा पावर, अदानी ग्रुप, लार्सन एण्ड टुब्रो, वेदान्ता आदि के साथ बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए है।

विदेशी पदचिह्न को लक्ष्य बनाना

एमएसटीसी अपनी सम्पूर्ण ई-कॉमर्स सेवाओं के लिए विदेशों में अपने पंख फैलाना चाहती है।

अवसर

- ई-कॉमर्स : एमएसटीसी देश में एक प्रमुख स्टैंडअलोन ई-कॉमर्स सेवा प्रदाता के रूप में उभरी है। भारत सरकार की प्रमुख परियोजनाओं सहित नए एवं विविध व्यापारों में अपनी कोशिशों के साथ इसने इस क्षेत्र में बहु संख्यक वृद्धि की सम्भावना देखी है।
- एमएसटीसी निजी क्षेत्र में अप्रयुक्त क्षमताओं के दोहन की कड़ी कोशिश कर रही है।
- रिसाइक्लिंग क्षेत्र : एमएसटीसी एक रिसाइक्लिंग नीति तैयार करने की पहल की अगुवाई कर रही है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र, ई-वेस्ट तथा सौलिड वेस्ड मैनेजमेंट क्षेत्र में रिसाइक्लिंग प्लांट की स्थापना करने में इसकी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। ये क्षेत्र उभरते हुए क्षेत्र है।

आशंका

- जीईएम पोर्टल-अनावरण से अवसर घटना-माल एवं सेवाओं के ई-प्रोक्योरमेंट में व्यवसाय के लिए जीईएम पोर्टल के इस्तेमाल पर सरकारी निर्देश एक प्रहार है। ई-प्रोक्योरमेंट में कार्य का अवसर घटेगा क्योंकि किसी भी निगम के व्यवसाय का मुख्य भाग माल एवं सेवाओं की प्राप्ति पर खर्च होता है।
- ट्रेडिंग व्यवसाय : जहाँ तक नीति का सवाल है, एमएसटीसी ने शामिल जोखिम के चलते परम्परागत ट्रेडिंग व्यवसाय को सुरक्षित तरीके से करने का निर्णय लिया है। हालांकि, यह आर्थिक वृद्धि में आई मन्दी को दोबारा ठीक करने का प्रयास कर रही है तथा एनपीए आदि में भारी वृद्धि ने क्रेडिट सिस्टम को अस्थिर कर दिया है तथा इससे व्यवसाय के लिए एक कठिन परिदृश्य बना हुआ है।

सम्मान एवं पहचान

वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने अपनी गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों में कई सम्मान प्राप्त किए हैं। कुछ उल्लेखनीय सम्मान निम्नलिखित है :

1. माननीय उप राष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने प्रथम राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया।
2. नेशनल एडुकेशन अवार्ड के तहत आपकी कंपनी को देवांग मेहता द्वारा, "कोलकाता बेस्ट एम्प्लॉयर ब्रॉण्ड अवार्ड 2017" दिया गया।
3. हिन्दी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इस्पात मंत्रालय द्वारा "इस्पात राजभाषा विशिष्ट सम्मान" से सम्मानित किया गया।
4. जेवी कंपनी के अधीन ग्रेटर नॉएडा में एमएसटीसी के कलेक्शन एवं डिसमैंटलिंग सेन्टर को एनसीटी दिल्ली द्वारा "नेशन्स फर्स्ट अथॉराइज्ड रिसाइक्लींग सेन्टर फॉर एंड ऑफ लाइफ वेहिकल्स" घोषित किया गया।

मानव संसाधन

मानव संसाधन को हमने हमेशा से विशेष महत्व दिया है तथा विभिन्न कर्मचारी हित लाभ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। हम सभी के बीच औद्योगिक संबंध बेहद सौहार्दपूर्ण एवं सहभागिता वाले हैं। अपने ग्राहकों तक आसानी से पहुँचने के लिए भारत के कई शहरों में कार्यालय खोले गए और ज्यादा व्यवसाय उत्पन्न करने तथा ग्राहकों की सभी प्रकार की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी शाखाओं में गैर कार्यकारी तथा व्यापार बढ़ाने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई। प्रबंधन की ओर से मैं आपको यह निश्चिन्त कर देना चाहता हूँ कि विवेकपूर्ण तथा अनुभवी बोर्ड के सदस्य, एक दक्ष एवं निष्ठावान श्रमबल एवं मजबूत आर्थिक संसाधन के साथ शेयरधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए हर वाजिब कोशिश हम करते रहेंगे।

सीएसआर

दोस्तों, आपके लगातार सहयोग, विश्वास एवं प्रोत्साहन ने समाज एवं समुदाय की जीवन शैली को बेहतर बनाने के लिए हमारी काफी मदद की है। हमने ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की सामाजिक विकास परियोजनाएँ शुरू की हैं। आपकी कंपनी ने स्वास्थ्य देखभाल, साफ सफाई एवं प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में विशेष जोर दिया है तथा भविष्य में भी समाज की उन्नति एवं विकास के लिए कार्य करती रहेगी। वर्ष 2018-19 के लिए सीएसआर गतिविधियों में खर्च की गई कुल राशि है रु. 20.00 मिलियन।

निवेशक सेवाएँ

कंपनी के शेयर को एनएसडीएल एवं सीडीएसएल दोनों डिपॉजिटरिज में डिमटेरियलाइज्ड कर दिया गया है। कंपनी के 14202 शेयरधारकों में से 94 शेयरधारकों के पास शेयर अभी भी भौतिक मोड में हैं। मैं अवशिष्ट शेयरधारकों से यह अनुरोध करता हूँ कि वे अपने शेयरों को डिमटेरियलाइज्ड करा लें, ताकि "अनक्लेम्ड बोनस सस्पेन्स एकाउण्ट" में पड़े हुए बोनस शेयर संबंधित शेयरधारकों के डिमैट एकाउण्ट में अंतरित कर दिए जा सकें। तत्पश्चात इससे शेयरधारकों को समय पर उनका लाभांश भी प्राप्त होगा।

निगमित अभिशासन

आपकी कंपनी हमेशा निगमित अभिशासन अभ्यास के उच्चतर मानक को बनाए रखने की कोशिश करती रहती है। आपकी कंपनी डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइस (डीपीई) फॉर सीपीएसई तथा एसईबीआई (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एंड डिसक्लोजर रिक्वायरमेंट) रेगुलेशन 2015 द्वारा तैयार किए गए निगमित अभिशासन पर सरकारी दिशानिर्देशों का पूर्ण पालन करती है। आपकी कंपनी निरंतर अपने शेयरधारकों के सर्वोत्तम हितों के लिए कार्य करती है तथा इन जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अपनी निगमित आचार को मोल्ड करती है। कंपनी ऐसी प्रणाली एवं प्रक्रिया की स्थापना करती है ताकि उसके निदेशक मंडल को कंपनी की नीतियों के बारे में सटीक जानकारी हो तथा वे लापरवाही का त्याग कर सकें तथा सभी स्टेकधारकों के लिए सम्पूर्ण मूल्य में वृद्धि कर सकें। आपकी कंपनी बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने तथा उसे स्वीकार करने में अपनी सर्वोत्तम कोशिश करती है तथा अपने नियंत्रण के अंदर निगमित अभिशासन दिशानिर्देश/मापदण्ड का निरंतर अनुपालन करती है।

आभार

मैं, वर्ष के दौरान कंपनी को दिए गए बहुमूल्य सहयोग एवं दिशानिर्देश के लिए माननीय केन्द्रीय इस्पात मंत्री, माननीय इस्पात राज्य मंत्री, सचिव (इस्पात), अपर सचिव तथा एफए (इस्पात) एवं इस्पात मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, कोयला मंत्रालय, खनन मंत्रालय, नागरिक एवं उड्डयन, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा केन्द्र सरकार के अन्य विभिन्न मंत्रालय, सभी राज्य सरकारों, विभिन्न केन्द्र एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, निजी कंपनियों, बैंकरों, हमारे प्रिन्सिपलों एवं अन्य के प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। मैं सभी स्तर पर हमारे विभिन्न कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों के लिए उनका अभिवादन करता हूँ। मैं साल दर साल आपकी कंपनी में अपना विश्वास एवं भरोसा रखनेवाले सभी शेयरधारकों, ग्राहकों एवं आपूर्तिकर्ताओं को हृदय से धन्यवाद देता हूँ तथा आपको यह भरोसा दिलाता हूँ कि हमारे शेयरधारकों के लिए और ज्यादा मूल्य तैयार करने की कोशिश हम जारी रखेंगे।

धन्यवाद

जय हिन्द !

स्थान : कोलकाता

तारीख : 25.09.2019

बी.बी. सिंह

बी.बी.सिंह

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

(यह वार्षिक आम सभा की कार्यवाही का रिकॉर्ड नहीं है)

एम एस टी सी लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) MSTC LIMITED (A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)

www.mstcindia.co.in

ई-गवर्नेंस के जरिए ई-कॉमर्स, अर्थनीति एवं पर्यावरण को प्रोत्साहन

Promoting e-commerce, economy & environment through e-governance

epaper.prabhatkhabar.com